# शासी निकाय की प्रथम बैठक का कार्य–वृत्त

चमन लाल स्वायत्त महाविद्यालय, लंढौरा (हरिद्वार) के शासी निकाय की प्रथम बैठक दिनांक 06.07.2024 में अपराह्न 04:30 बजे महाविद्यालय प्रबंध समिति कक्ष में शासी निकाय के अध्यक्ष श्री राम कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के कार्य–वृत्त निम्नानुसार है –

**एजेंडा बिन्दू 1 :** सभी सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत एवं परिचय।

**विनिश्चय :** सभी सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए परिचय प्राप्त किया गया।

**एजेंडा बिन्दू 2 :** महाविद्यालय को स्वायत्तता का स्तर प्रदान किए जाने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आदेश एवं श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, नई टिहरी द्वारा निर्गत अधिसूचना के विषय में विवरण प्रस्तुत करना।

**विनिश्चय :** महाविद्यालय को स्वायत्तता का स्तर प्रदान किए जाने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आदेश एवं श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, नई टिहरी द्वारा निर्गत अधिसूचना के विषय में विवरण प्रस्तुत किया गया। जिसे सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा अवलोकित कर प्रसन्नता व्यक्त की।

**एजेंडा बिन्दू 3 :** अकादमिक परिषद के गठन का प्रस्ताव एवं कार्यों का निर्धारण।

**विनिश्चय :** अकादमिक परिषद के गठन एवं कार्यों का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (महाविद्यालयों को स्वायत्तता का दर्जा प्रदान करने तथा स्वायत्त महाविद्यालयों में मानकों के रखरखाव संबंधी उपाय) विनियम, 2023 के अनुरूप किया गया। जो कि निम्नवत है :

(क) प्राचार्य (अध्यक्ष) डॉ. सुशील उपाध्याय

(ख) स्वशासी महाविद्यालय के समस्त विभाग प्रभारी

(ग) चार वरिष्ठ शिक्षक – डॉ. दीपा अग्रवाल, डॉ. किरन शर्मा, डॉ. नीशू कुमार, डॉ. सूर्यकान्त शर्मा

(घ) महाविद्यालय के बाहर के चार विशेषज्ञ – श्री सतीश शर्मा, सी.ए., प्रो. विजय सिंह रावत, प्रो. मंजुल धीमान, श्री मनोज अग्रवाल

(ड़) विश्वविद्यालय के तीन नामिति – प्रो. महावीर सिंह रावत, प्रो. दिनेश चन्द्र गोस्वामी, प्रो. जी.के ढ़ींगरा

(च) स्वायत्त महाविद्यालय के परीक्षा प्रभारी – डॉ. सूर्यकान्त शर्मा

(छ) संकाय सदस्य (सदस्य सचिव) – डॉ. ऋचा चौहान

**कार्यकाल** : मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा।

**बैठकें** : शैक्षणिक परिषद की बैठकें हर छह महीनें में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी।

**एजेंडा बिन्दू 4 :** वित्त समिति के गठन का प्रस्ताव एवं कार्यों का निर्धारण।

**विनिश्चय :** वित्त समिति के गठन एवं कार्यों का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (महाविद्यालयों को स्वायत्तता का दर्जा प्रदान करने तथा स्वायत्त महाविद्यालयों में मानकों के रखरखाव संबंधी उपाय) विनियम, 2023 के अनुरूप किया गया। जो कि निम्नवत है :

(क) प्राचार्य (अध्यक्ष) – डॉ. सुशील उपाध्याय

(ख) शासी निकाय द्वारा नामित – डॉ. तन्जीम अली

(ग) प्राचार्य द्वारा क्रमावर्ती रूप में नामित वरिष्ठतम संकाय सदस्य – डॉ. दीपा अग्रवाल

(घ) महाविद्यालय के वित्त एवं लेखा प्रभारी अधिकारी (सदस्य सचिव) – श्री विदित कौशल

**कार्यकाल** : वित्त समिति का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा।

**बैठकें** : वित्त समिति की बैठकें हर छह महीने में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी।

**एजेंडा बिन्दू 5 :** अध्ययन मंडल (B.O.S.) के गठन का प्रस्ताव एवं कार्यों का निर्धारण।

**विनिश्चय :** अध्ययन मंडल (B.O.S.) के गठन एवं कार्यों का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (महाविद्यालयों को स्वायत्तता का दर्जा प्रदान करने तथा स्वायत्त महाविद्यालयों में मानकों के रखरखाव संबंधी उपाय) विनियम, 2023 के अनुरूप किया गया। जो कि निम्नवत है :

(क) संबंधित विभाग प्रभारी (अध्यक्ष)।

(ख) विभाग के सभी संकाय सदस्य।

(ग) अकादमिक परिषद द्वारा नामित किये जाने वाले मूल विश्वविद्यालय के बाहर से दो विषय विशेषज्ञ।

(घ) स्वायत्त महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अनुशंसित छह के सूची में से कुलपति द्वारा नामित एक विशेषज्ञ।

(ङ) प्राचार्य द्वारा नामित उद्योग/कॉर्पोरेट क्षेत्र/संबंधित क्षेत्रों से एक प्रतिनिधि।

(च) प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों में से एक सदस्य को नामित किया जाएगा।

(छ) जब भी विशेष अध्ययन के पाठ्यक्रम तैयार किए जाने हों, स्वशासी महाविद्यालय के बाहर के विशेषज्ञ प्राचार्य द्वारा नामित किए जाएंगे।

**कार्यकाल** : मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा।

**बैठकें** : अध्ययन समिति की बैठकें हर छह महीनें में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी।

**एजेंडा बिन्दू 6** : परीक्षा एवं गोपनीय कार्यों की व्यवस्था का निर्धारण।

**विनिश्चय** : गोपनीय कार्यों की व्यवस्था हेतु डॉ. देवपाल, वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर को समन्वयक नामित किया जाता है।

स्वायत्त महाविद्यालय के परीक्षा संबंधी कार्य (प्रश्न–पत्र निर्माण, मोडरेशन, प्रश्न–पत्रों की प्रिटिंग, मूल्यांकन के पश्चात परीक्षा परिणाम तैयार करना, गजट एवं मार्कशीट प्रिटिंग तथा संबंधित रिकॉर्ड के रखरखाव) के लिए उत्तदायी होगे। सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन पूर्व की भांति महाविद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कराया जाता रहेगा।

**एजेंडा बिन्दू 7** : स्वायत्तता स्तर की निगरानी हेतु बाह्य विशेषज्ञ टीम का गठन।

**विनिश्चय** : स्वायत्तता स्तर की निगरानी का दायित्व आई.क्यू.ए.सी. द्वारा निर्वहन किया जाएगा। बाहरी सहकर्मी टीम के रूप में प्रो. एन.पी. माहेश्वरी पूर्व निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड, प्रो. प्रशान्त सिंह, डीन, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, नई टिहरी (ऋषिकेश कैंपस) एवं प्रो. प्रशान्त सिंह, डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून को मनोनीत किया गया।

**एजेंडा बिन्दू 8** : शोध उपाधि (पीएच.डी.) कार्यक्रम आरंभ करने पर विचार एवं शोध कार्य समन्वय समिति के गठन पर विचार।

**विनिश्चय** : महाविद्यालय में शोध उपाधि कार्य प्रारंभ करने के लिए निम्नवत समिति का गठन किया जाता है –

(क) डॉ. नवीन त्यागी, समन्वयक

(ख) डॉ. नीशू कुमार

(ग) डॉ. तरूण गुप्ता

(घ) डॉ. अनामिका चौहान

उक्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अद्यतन शोध उपाधि के रेगूलेशन तथा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार पीएच.डी. कार्यक्रम हेतु नियमों का निर्धारण कर प्रस्तुत किया जाएगा।

**एजेंडा बिन्दू 9** : स्वायत्त महाविद्यालय की विभिन्न समितियों का गठन एवं तत्संबंधी दिशा–निर्देश।

**विनिश्चय** : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (महाविद्यालयों को स्वायत्तता का दर्जा प्रदान करने तथा स्वायत्त महाविद्यालयों में मानकों के रखरखाव संबंधी उपाय) विनियम, 2023 के 12.2 में उल्लेखित "इसके अतिरिक्त, स्वायत्त महाविद्यालय

में गैर संविधिक समितियों जैसे, योजना तथा मूल्यांकन समिति, शिकायत निवारण समिति, परीक्षा समिति, प्रवेश समिति, पुस्तकालय समिति, विद्यार्थी कल्याण समिति, आंतरिक शिकायत समिति, पाठ्येत्तर क्रियाकलापों से संबंधित समिति तथा, अकादमिक लेखा परीक्षा समिति" समितियों से संबंधित गतिविधियों/कार्यक्रमों के दायित्व का निर्वहन सत्र 2024–25 में गठित महाविद्यालय की समितियों द्वारा किया जाएगा।

**एजेंडा बिन्दू 10 :** अन्य विषय (मा. अध्यक्ष जी की अनुमति से)। प्राचार्य द्वारा अवगत कराया कि स्वायत्त महाविद्यालय के कार्यों के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए।

**विनिश्चय :** (क) स्वायत्त महाविद्यालय के नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. ऋचा चौहान दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

(ख) स्वायत्त महाविद्यालय की अकादमिक परिषद की प्रथम बैठक अगस्त माह में आयोजित की जाएगी।

अन्त में सदस्य सचिव (प्राचार्य) डॉ. सुशील उपाध्याय द्वारा आभार ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।